Regarding safety and security of the Hindus and Minorities in Bangladesh

श्री अनुराग सिंह ठाकुर **(**हमीरपुर**) :** सभापति जी, धन्यवाद । मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे एक अत्यंत गंभीर विषय पर बोलने की अनुमति प्रदान की है । महोदय, हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में जो हाल ही में घटा, उसको लेकर हम सब लोग चिंतित हैं । सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर में बात भी कही कि वहां जो अपने लोग हैं, उनकी चिंता की जाए । माननीय प्रधान मंत्री जी ने ट्वीट करके, जो इंटरिम गवर्नमेंट के प्रधान मंत्री हैं, उनको बधाई दी, लेकिन यह भी कहा कि हमारे जो वहां पर हिंदू और अल्पसंख्यक हैं, उनकी शांति, सुरक्षा, विकास, सब चीज़ों को सुनिश्चित किया जाए । दुर्भाग्य यह है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने जब ट्वीट किया, जब उनको बधाई दी, तो वहां हिंदुओं की सुरक्षा की कोई बातचीत नहीं की । ? (व्यवधान) न ही उसका उल्लेख किया, न ही अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात की । ? (व्यवधान) ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि ये लोग वहां हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात भी नहीं कर सके? ? (व्यवधान) गाज़ा को लेकर आपने बड़ी-बड़ी बातें की थीं? ? (व्यवधान) गाज़ा को लेकर आप बड़ी-बड़ी बातें करते थे, लेकिन यहां आकर आप नहीं करते हो । ? (व्यवधान) सर, ऐसा कैसे हो सकता है? ? (व्यवधान) गाज़ा को लेकर तो ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्रीमती जून मालिया जी ।

? (व्यवधान)